कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम-शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788-2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग दिनांक : 23/12/2024

प्रेस विज्ञप्ति

कन्या महाविद्यालय में सामाजिक सरोकार के अन्तर्गत दिव्यांग छात्रा को ट्रायसायकल प्रदान

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में आज सामाजिक सरोकार के अन्तर्गत एक दिव्यांग छात्रा को ट्रायसायकल एवं उसके जरूरत की कई सामग्रियाँ प्रदान कर एक नई पहल की शुरूआत की गई। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि महाविद्यालय की बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. संतोषी यादव जो महाविद्यालय से करीब पाँच किलोमीटर की दूर से महाविद्यालय आना-जाना करती थी लेकिन नियमित रूप से महाविद्यालय न आने के कारण उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। उसकी इस समस्या को महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने एक कार्यक्रम के दौरान महसूस किया और उस छात्रा की व्यथा सुनी। उन्होनें प्रभारी प्राचार्य को कु. संतोषी यादव के बारे में अवगत कराया। प्राचार्य के प्रयासों से नगर के स्व. रेखचंद अग्रवाल परिवार ने इस छात्रा की मदद करने में रूचि दिखाई। अग्रवाल परिवार को जब उक्त छात्रा के बारे में जानकारी प्राप्त हुई तो श्रीमती वीणा अग्रवाल ने इस छात्रा को मदद करने की पहल की और इसी तारतम्य में आज अग्रवाल परिवार के श्री सुधीर अग्रवाल एवं अन्य सदस्यगणों द्वारा कु. संतोषी यादव को ट्रायसायकल के साथ-साथ अन्य जरूरत की सामग्री भी प्रदान की गई।

श्री सुधीर अग्रवाल ने पूर्व में भी रेडक्रॉस सोसायटी एवं कोविड के दौरान महाविद्यालय को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई थी। प्रभारी प्राचार्य ने आज अग्रवाल परिवार को उनके इस कार्य के लिये साधुवाद देते हुए कहा कि दिव्यांग छात्रा के प्रति इस तरह की संवेदना से समाज में एक सकारात्मक संदेश जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं छात्राओं की उपस्थिति में डॉ. रेशमा लाकेश द्वारा श्रीमती वीणा अग्रवाल का तुलसी पौधे से स्वागत किया गया एवं डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने आभार व्यक्त किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)